प्रादेशिक समाचार
दिनांक–02.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के लिए खाद सब्सिडी जारी रखने का किया फैसला, किसानों को डीएपी खाद की बोरी एक हजार 350 रुपये की दर से मिलती रहेगी।
2. केन्द्र सरकार ने फसल बीमा और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को भी एक साल बढ़ाने का लिया निर्णय, प्रधानमंत्री ने कहा–सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध।
3. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों के परिजनों को नौकरी देने की घोषणा की, कहा–शहीदों को किया जायेगा चिन्हित।
4. सर्द हवाओं से रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में पड़ रही है कड़ाके की ठंड, 11 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंचा।
5. राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग में श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने गोनासिका को एक के मुकाबले दो गोल से हराया।

*******************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डाई अमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरकों पर एक मुश्त विशेष राहत पैकेज का विस्तार करने का फैसला किया है। डीएपी उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सबसिडी बढाकर तीन हजार पांच सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी गई है। इससे किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस फैसले से लगभग तीन हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पडेगा, जिसे केंद्र सरकार वहन करेगी।

मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को भी जारी रखने का फैसला किया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान शामिल हैं। कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने नया साल किसानों को समर्पित किया है। नई दिल्ली में श्री चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए तीन बड़े फैसले लिए हैं।

*******************

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के बारे में श्री मोदी ने कहा कि 2025 की पहली कैबिनेट बैठक किसानों की खुशहाली बढाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि देश को अपने किसानों पर गर्व है जो कड़ी मेहनत कर पूरे राष्ट्र का पेट भरते हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खरसावां गोलीकांड के शहीदों के परिजनों को नौकरी देने की घोषणा की है। खरसावां में पत्रकारों से बातचीत में श्री सोरेन ने कहा कि शहीदों के परिजनों को सम्मान देने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।

*******************

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाने का निर्देश दिया है। इस वर्ष इस अभियान को परवाह थीम पर चलाया जायेगा। इस सिलसिले में रांची समेत राज्यभर में जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। रांची में इस दौरान चार सौ वाहनों की जांच की गयी और लापरवाही बरतने वालों को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाया गया।

*******************

हजारीबाग के चुरचू प्रखंड के ग्राम सरबहा में कुएं में डूबने से पांच व्यक्तियों की मौत हो गई। पति–पत्नी के बीच हुए विवाद के कारण यह घटना घटी। बताया जाता है कि विवाद इतना बढ़ गया कि पति अपनी मोटरसाइकिल के साथ कुएं में कूद गया। उसके दोस्त उसे बचाने के लिए कुएं में उतरे और सभी की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को कुएं से बाहर निकाला गया।

*******************

दुमका जिले के मसानजोर डैम से निकली मयूराक्षी बायां तट नहर की आठ में से तीन शाखा नहरों का पक्कीकरण कार्य जल्द ही शुरू होगा।

*******************

सर्द हवाओं के कारण रांची समेत राज्य के अधिकांश हिस्सों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गयी है। गुमला, लातेहार, खूंटी समेत राज्य के 11 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सयिस के नीचे पहुंच गया है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने बताया कि पहाडों पर हो रही बर्फवारी और सर्द हवाओं का असर राज्य में भी दिखायी पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में धुंध और कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है।

*******************

ओडिसा में राउरकेला के बिरसामुंडा हॉकी स्टेडियम में कल हॉकी इंडिया लीग के दूसरे मैच में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने टीम गोनासिका को 2–1 से मात दी। रूपेन्द्र पाल सिंह ने बेंगॉल टाइगर्स के लिए दो गोल किये और बंगाल टाइगर्स के लिये लगातार दूसरी जीत के साथ प्रतियोगिता में शुरूआती बढ़त सुनिश्चित की।

*******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खरसावां गोलीकांड के शहीदों के परिजनों को सम्मान देने की घोषणा और केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबरों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया ळें

प्रभात खबर की सुर्खी है–सीएम बोले, शहीदों को चिन्हित करेंगे, आश्रितों को देंगे सम्मान।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–किसानों को सस्ती खाद मिलती रहेगी।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– मइंयां सम्मान समारोह छह को, 56 लाख महिलाओं के खाते में ट्रांसफर होंगे ढाई हजार रुपये।

दैनिक जागरण ने हजारीबाग में कुएं में डूबने से पांच युवकों की मौत की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है–मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खरसावां गोलीकांड के अमर वीर शहीदों को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

*******************